आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.07.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- शिशुओं के लिए दुनिया के पहले मलेरिया रोधी उपचार को मंजूरी दे दी गई है।
- वित्त मंत्रालय ने स्पष्ट किया –बैंको को निष्क्रिय प्रधानमंत्री जन–धन खातों को बंद करने का कोई निर्देश नही दिया गया है।
- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से तीनों ज़िलों के ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविरों का आयोजन किए जा रहे हैं।
- डिगलीपुर तहसील के गणेश नगर और शांतिनगर के गांवों के लिए कल पहली राज्य परिवहन बस सेवा का उद्घाटन किया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि देश में शैक्षणिक ज्ञान को सामाजिक कल्याण के साथ जोड़कर समाज की आकांक्षाएं और ऊर्जा आवश्यकताएं पूरा करने वाली स्मार्ट रणनीति बनाने की जरूरत है। श्री प्रधान ने कल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में "भविष्य के लिए तैयार ऊर्जा शिक्षाः अवसर और चुनौतियाँ" विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत वर्ष दो हजार सत्तर तक शून्य कार्बन उत्सर्जन वाली ऊर्जा प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है, जहां प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत केवल एक–तिहाई है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ऊर्जा शिक्षा के लिए एक भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने वाली अत्यंत आवश्यक पहल है। श्री प्रधान ने आशा व्यक्त की कि यह पहल ऊर्जा शिक्षा को समग्र शैक्षिक पाठ्यक्रम के साथ एकीकृत करने की एक लंबी यात्रा का आधार साबित होगी।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा विभाग के आयुष शाखा और अंडमान निकोबार राज्य आयुष सोसाइटी के सहयोग से कल ''राग योग–भजन संध्या'' का आयोजन किया गया। टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य सचिव एवं प्रबंध निदेशक ऋचा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। उन्होंने अपने संबोधन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में भजन के साथ योग प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सेवा निदेशक डॉ. सुजा एन्टोनी, आयुष निदेशक डॉ. कल्याण पी कदभाने, योगा एंड नेचुरोपैथी की चिकित्सक डॉ. नन्दिनी, सीआरसी की निदेशक डॉ. सुमीता मॉल एस और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

<><><><><><><>

भारतीय रिज़र्व बैंक ने ओवर–द–काउंटर–ओटीसी डेरिवेटिव अनुबंधों के नवीकरण हेतु मसौदा निर्देश जारी किए हैं, जिसमें मौजूदा डेरिवेटिव स्थिति को एक पक्ष से दूसरे पक्ष में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया की रूपरेखा दी गई है। आरबीआई ने बैंकों, बाज़ार सहभागियों और हितधारकों से अगले महीने की पहली तारीख तक इस मसौदे पर टिप्पणियां और सुझाव आमंत्रित किए हैं। मसौदा दिशानिर्देशों के अनुसार, ओटीसी डेरिवेटिव अनुबंध के नवीकरण के लिए शेष पक्ष की पूर्व सहमति आवश्यक है। लेन–देन प्रचलित बाज़ार दरों पर किया जाना चाहिए। नवीकरण में शामिल बाजार निर्माताओं को लागू नियामक निर्देशों के अनुसार, भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड के व्यापार भंडार को लेनदेन का विवरण देना होगा। एक बार अंतिम रूप दिए जाने के बाद, ये निर्देश अगले वर्ष एक जनवरी को या उसके बाद स्वीकृत या नवीनीकृत सभी ऋणों और अग्रिमों पर लागू होंगे। ये नियम भुगतान बैंकों को छोड़कर सभी वाणिज्यिक बैंकों, साथ ही सहकारी बैंकों, गैर–बैंकिंग वित्तीय कंपनियों और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों पर लागू होंगे। इसके अलावा, गैर–व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए व्यक्तियों को दिए गए ऋणों पर, सह–दायित्वधारकों के साथ या उनके बिना, कोई पूर्व–भुगतान शुल्क नहीं लगाया जाएगा। व्यक्तियों और सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को दिए गए व्यावसायिक ऋणों के लिए भी यही नियम लागू होगा।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने कल राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी से मुलाकात की। उपराज्यपाल ने उन्हें बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

<><><><><><><>

डाक विभाग ने अगली पीढ़ी के APT एप्लिकेशन के लॉन्च की घोषणा की है। इस परिवर्तनकारी पहल के तहत, उन्नत प्रणाली द्वीपसमूह के सभी डाकघरों में पन्द्रह जुलाई को लागू की जाएगी।

इस उन्नत डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित संक्रमण को सक्षम करने के लिए, बारह, चौदह और पन्द्रह जुलाई को नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। इन दिनों डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेनदेन नहीं किया जाएगा। सेवाओं का यह अस्थायी निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को सुविधाजनक बनाने के लिए आवश्यक है। एपीटी एप्लिकेशन को बेहतर उपयोगकर्ता अनुभव, तेज़ सेवा वितरण और अधिक ग्राहक–अनुकूल इंटरफ़ेस प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने की इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन ने शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू उत्पादों की अवैध बिक्री और कब्जे के खिलाफ अपने प्रवर्तन अभियान को तेज कर दिया है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम–कोटपा, दो हजार तीन के प्रावधानों के तहत स्कूलों और कॉलेजों के आसपास सौ मीटर के "तंबाकू निषेध" क्षेत्र में निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस सिलसिले में राजस्व अधिकारियों ने कल स्वराज द्वीप के सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, गोविंद नगर में सौ गज के दायरे में स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और दुकानों का व्यापक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान, छह दुकानों में कोटपा प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद पाए गए। अवैध वस्तुओं को तुरंत जब्त कर लिया गया और उचित कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन शैक्षणिक संस्थानों के आसपास तंबाकू मुक्त वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग ने सभी विक्रेताओं और हितधारकों से कानून का पालन करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

स्वच्छता पखवाड़ा पहल के एक भाग के रूप में, अटल महासागर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र की ओर से होपटाउन समुद्र तट पर सफाई अभियान चलाया गया। इसके अलावा विटाला पब्लिक स्कूल में एक जागरूकता अभियान का भी आयोजन किया गया। इस अभियान में तटीय पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा के लिए एकल–उपयोग वाले प्लास्टिक को खत्म करने और अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया गया। इस कार्यक्रम में ज़िला परिषद सदस्य वी.के. मरियम और होपटाउन पंचायत प्रधान रशीदा बीबी ने भाग लिया। सफाई अभियान में सात सौ बारह किलोग्राम से अधिक कचरे एकत्र किए गए, जिसे उचित निपटान के लिए स्थानीय पंचायत को सौंप दिया गया।

कार्यक्रम में आवश्यक स्वच्छता सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी स्कूल और पंचायत को दान की गईं। इस अभियान में एक सौ से अधिक स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

<><><><><><>

मुख्य भूमि के शैक्षणिक संस्थानों और कॉलेजों में बी.एससी. बी.एड. को छोड़कर विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी और गैर–तकनीकी पाठ्यक्रमों में आरक्षित सीटों के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। द्वीपसमूह के सभी पात्र उम्मीदवारों की विषयवार अस्थाई योग्यता सूची कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर आज से जारी की जाएगी। दावे और आपत्तियाँ चौदह जुलाई शाम पांच बजे तक मानव संसाधन शिक्षा के सहायक सचिव के पास जमा किए जा सकते हैं।

<><><><><><>

उप–राज्यपाल द्वारा सभी श्रेणी के श्रमिकों की मजदूरी की न्यूनतम दरों में संशोधन करने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। द्वीप समाचार ने भी इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने छियहत्तरवें वन महोत्सव के उपलक्ष्य में पर्यावरण विभाग की ओर से वृक्षारोपण आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्कूली छात्रों के लिए भविष्य दृष्टि विषय पर करियर मार्गदर्शी कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को इंफो इंडिया ने सचित्र प्रकाशित किया है। डिगलीपुर के तालबागान में अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाए जाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है। पद्मश्री विजेता और स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एम्बेसेडर नरेश चन्द्र लाल द्वारा विभिन्न स्कूलों का दौरा करने के समाचार को द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने प्रमुखता से छापा है।

<><><><><><>